पंजाब केसरी 19/04/2023

# कालेज के विद्यार्थियों ने मनाया विश्व विरासत दिवस



होली रिडीमर चर्च में दौरा करने पहुंचे कालेज के विद्यार्थियों की टीम। (चंद्रमोहन)

अम्बाला छावनी, 18 अप्रैल (कोचर): कैंट के गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के जनसंचार विभाग एवं व वूमैन सैल द्वारा विश्व विरासत दिवस के रूप में मनाया गया। विद्यार्थियों ने होली रिडीमर चर्च एक ऐतिहासिक स्थल का दौरा किया। यह कार्यक्रम विभाग की विभागाध्यक्ष सहायक प्रो. सोनम साहू की देखरेख में किया गया।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा इस दिवस का मुख्य उद्देश्य पूरे विश्व को ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के महत्व और उनके संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। वूमैन सैल की अध्यक्ष डा. सीमा कंसल ने बताया ऐसे ऐतिहासिक धरोहर को महत्व दिया जाना चाहिए, जो आज भी हमारी विरासत है। इन ऐतिहासिक स्थलों को स्वच्छ रखना ही हम सभी की सामाजिक रूप से जिम्मेदारी है।